PGDSLM

विद्यालयी नेतृत्व एवं प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा

सत्रीय कार्य
(जनवरी, 2022 एवं जुलाई, 2022)

शिक्षा विद्यापीठ
इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदानगढ़ी, नई दिल्ली– 110068

एम. ई. एस. –004 : स्कूल प्रमुख के रूप में प्रधानाध्यापक

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिए।

1. संचार प्रक्रिया के विभिन्न अवयवों की चर्चा कीजिए और एक प्रभावी संचारक की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।
2. निर्देशात्मक और परिवर्तनकारी नेतृत्व प्रदान करने के लिएएक विद्यालय लीडर के रूप में अपनी भूमिकाओं, कार्यों और जिम्मेदारियों की व्याख्या करें।
3. प्रभावी निर्णय लेने के लिए एक विद्यालय प्रमुख के लिए आवश्यक कौशलों की चर्चा करें। अपने उत्तर को एक उद्धरण की सहायता से स्पष्ट करें, जहाँ आपने अपने विद्यालय के कर्मचारियों को शामिल करते हुए एक रणनीतिक निर्णय लिया है।

एम. ई. एस. –005 : मानव संसाधन विकास

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिए।

1. विद्यालयों में स्टाफ की समीक्षा (काम काज का मूल्यांकन) करने के उद्देश्य की व्याख्या करें। अपने विद्यालय के स्टाफ के कार्य–समीक्षा करने विभिन्न विधियों की चर्चा कीजिए।
2. ‘कार्य–विश्लेषण’ (जॉब एनालिसिस) से आप क्या समझते हैं? कार्य विश्लेषण के कम से कम तीन तरीकों का संक्षेप में वर्णन करें जिनका उपयोग स्कूल में किया जा सकता है।
3. अगले शैक्षणिक वर्ष में आपके स्कूल के उच्च माध्यमिक अनुभाग में कला वर्ग को जोड़ा जाएगा। स्कूल के प्रधान शिक्षक के रूप में, निम्नलिखित पर एक रिपोर्ट तैयार करें जिसे स्कूल प्रबंधन समिति को प्रस्तुत किया जायेगा:
   - जरूरतों का आकलन (मानव संसाधन)
   - भर्ती के स्रोत
   - भर्ती की प्रक्रिया
   - विज्ञापन के तरीके
   - विज्ञापन की सामग्री

एम. ई. एस. –006 : शिक्षण–अधिगम का प्रबंधन

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिए।

1. पाठ्यचर्या शब्द को परिभाषित कीजिए। पाठ्यचर्या की योजना बनाते समय किन सिद्धांतों का पालन किया जाना चाहिए?
2. “स्कूल संसाधन रखरखाव एक सहकारी प्रयास है।” उचित उदाहरणों के द्वारा इस कथन की पुष्टि कीजिए।
3. अधिगम अनुभवों को व्यवस्थित करने के लिए आवश्यक कौशल क्या हैं? मान लीजिए आपको आपके विद्यालय में श्पर्यावरण संरक्षणश पर कक्षा लेने का प्रभार दिया गया है। आप अपने छात्रों के लिए कक्षा के अंदर और बाहर कौन–कौन से अधिगम अनुभवों की रचना करेंगें?

एम. ई. एस. –007 : स्कूल प्रशासन और वित्तीय प्रबंधन

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिए।

1. बजट निर्माण के किन्हीं दोरूपों की चर्चा कीजिए।
2. किसी विद्यालय के लिए वितीय स्रोतों का वर्णन कीजिए।
3. अपने विद्यालय के किन दो पहलुओं के लिए आप चाहेंगे कि आपका विद्यालय किसी बाहरी संगठन के साथ भागीदारी करे? क्यों?

एम. ई. एस. –008 : बेहतर स्कूलों के लिए नेतृत्व

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिए।

1. उन मुद्दों पर चर्चा करें जो स्कूल–समुदाय भागीदारी की प्रभावशीलता को कम कर सकते हैं।
2. एक प्रधान शिक्षक किस प्रकार से विद्यालय विकास योजना को बनाने में प्रमुख हितधारकों को शामिल कर सकता है? अपने उत्तर की पुष्टि के लिए विद्यालय के संदर्भ से उदाहरण दीजिए।
3. आपको निम्नलिखित उद्देश्यों के मद्देनजर एक योजना विकसित करने के लिए कहा गया है
   - i. अंग्रेजी में वरिष्ठ माध्यमिक छात्रों के पढ़ने और लिखने के कौशल को बढ़ाना और
   - ii. विज्ञान के प्रयोग के लिए छात्रों के कौशल में सुधार।

उपरोक्त उद्देश्यों के लिए आवश्यक कार्यों, समय–सीमा, उत्तरदायित्व , संसाधन कि जरुरत और सफलता मानदंड को रेखांकित करने वाला एक प्रारूप विकसित करें।